डेट स्टाइल बॉक्स

☑धनक

आपके डेट फ़ंड के लिए डेट स्टाइल बॉक्स (Debt style box) मोटे तौर पर डेट फ़ंड के पोर्टफ़ोलियो में क्रेडिट रिस्क (credit risk) और ब्याज दर के रिस्क (interest rate risk) का पैमाना होता है.A 3x3 मेट्रिक्स फ़ॉर्म डेट फ़ंड की ब्याज दर को लेकर संवेदनशीलता और पोर्टफ़ोलियो का क्रेडिट रिस्क दिखाता है. ये दो बड़े रिस्क फ़ैक्टर बॉन्ड फ़ंड के परफ़ॉर्मेंस पर असर डाल सकते हैं.



के मोटे तौर पर, क्रेडिट रेटिंग जितनी ज़्यादा होग, फ़ंड के उस बॉन्ड का क्रेडिट रिस्क उतना ही कम होगा. पोर्टफ़ोलियो की मेच्योरिटी जितनी ज़्यादा होगी, ब्याज दर में बदलाव को लेकर फ़ंड उतना ज़्यादा प्रतिक्रियाशील या रिस्पॉन्सिव होगा.

जिन म्यूचुअल फ़ंड्स के पोर्टफ़ोलियो में डेट होता है उनके लिए मेट्रिक्स बनाया जाता है, यानी, सभी डेट और हाइब्रिड फ़ंड्स के लिए. इसके लिए, मेट्रिक्स के सिर्फ़ एक ही बॉक्स में निशान लगा कर हाइलाइट किया गया है, जो फ़ंड के पोर्टफ़ोलियो में, पोर्टफ़ोलियो की जिस बात को बताया जा रहा है उसकी क्रेडिट क्वालिटी के स्वभाव और ब्याज दर की संवेदनशीलता के बारे में बताता है.

डेट स्टाइल बॉक्स तरीक़े के दो हिस्से होते हैं.

- हम किसी पोर्टफ़ोलियो की एवरेज क्रेडिट रेटिंग को कैलकुलेट करते हैं. मोटे तौर पर, पोर्टफ़ोलियो की हर एक डेट सिक्योरिटीज़ की क्रेडिट रेटिंग पोर्टफ़ोलियो में उनके वेटेड नेट एसेट के अनुपात में ओवरऑल एवरेज क्रेडिट रेटिंग में योगदान करती है. एक बार जब ये मिल जाती है, तो हम क्रेडिट रेटिंग के लिए स्कोर तय करते हैं. हमारा स्कोरिंग सिस्टम ज़्यादा सेफ़ बॉन्ड्स को ज़्यादा ऊंचा स्कोर देता है, जो उनके कम रिस्क को दिखाता है.
- स्टाइल बॉक्स फ़ंड की एवरेज मेच्योरिटी का इस्तेमाल करके ब्याज दर के रिस्क को मापता है. डेट

> फ़ंड आमतौर पर कई बॉन्ड्स में निवेश करते हैं, जिनमें हर एक इन्स्ट्रुमेंट की अलग-अलग मच्योरिटी होती है. और क्योंकि सिक्योरिटी की मेच्योरिटी आपको फ़ंड की मेच्योरिटी प्रोफ़ाइल की साफ़ तस्वीर नहीं देती है, इसलिए आमतौर पर फ़ंड वेटेड एवरेज मेच्योरिटी डिस्कोज़ करते हैं. मिसाल के तौर पर, अगर किसी फ़ंड के पास 2-साल (₹30,000), 3-साल (₹10,000) और 5-साल (₹20,000) की मेच्योरिटी वाले तीन बॉन्ड हैं, तो उसकी वेटेड एवरेज मेच्योरिटी 3.17 साल होगी.

फिर, हम फ़ाइनल क्रेडिट रेटिंग स्कोर और एवरेज मेच्योरिटी को 'हाई', 'मीडियम' और 'लो' टैग देते हैं. क्रेडिट क्वालिटी का 'हाई' फ़्लैग लो रिस्क दिखाता है, और 'हाई' एवरेज मेच्योरिटी फ़्लैग पोर्टफ़ोलियो में हाई-इंटरस्ट रेट रिस्क दिखाता है.

एवरेज क्रेडिट रेटिंग फ़्लैग को एवरेज मेच्योरिटी फ़्लैग के साथ मिलाकर, हम 3x3 मेट्रिक्स पर पहुंचते हैं, जो डेट फ़ंड के पोर्टफ़ोलियो की ख़ूबियां दिखाता है.

उदाहरण: मान लीजिए हमारे पास एक डेट म्यूचुअल फ़ंड है जिसका फ़ंड स्टाइल बॉक्स नीचे दिया गया है. यहां हम देख सकते हैं कि फ़ंड में टॉप-क्वालिटी के बॉन्ड हैं और ब्याद दर में हलचल इस पर कुछ कम या मॉडरेट तरीक़े असर करती है.